# महानिदेशालय गृह रक्षक, दिल्ली
# निष्काम सेवा भवन, राजा गार्डन, नई दिल्ली

## दिल्ली के गृह रक्षक (सामान्य) की भर्ती से सम्बन्धित दिशा–निर्देश व जानकारियाँ
## आवेदन–पत्र भरने से पूर्व–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृह रक्षक महानिदेशालय, दिल्ली, द्वारा 6943 गृह रक्षक (सामान्य) स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। सामान्य तौर पर गृह रक्षक स्वयंसेवक की कार्य अवधि तीन वर्ष की होगी। तत्पश्चात्, जब कभी विशेष प्रस्थितियों में समीचीन हो, तब गृह रक्षक के कार्यकाल को उसके कार्य एवं आचरण को संतोषजनक व शारारिक रुप से स्वस्थ पाये जाने पर आगे 6 वर्ष तक (चरणों में 2+ 1+ 1+ 2 वर्ष) बढ़ाया जा सकता है। परन्तु यदि गृह रक्षक के किसी अनैतिक एवं आपराधिक कार्य में लिप्त पाये जाने पर या विभागीय आदेशों की अवहेलना करने पर किसी भी समय भारमुक्त किया जा सकता है।

1. आवेदन–पत्र का मूल्य 100/–रुपये है। जिसे नगद या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। (Demand Draft is to be made in favour of "DDO Directorate General of Home Guards" payable at "Delhi").
2. एक आवेदक से एक ही आवेदन–पत्र स्वीकार्य होगा। एक से अधिक आवेदन पाये जाने पर सभी आवेदन रद्द कर दिये जायेगें। अहस्ताक्षरित एवं गलत जानकारी देने पर भी आवेदन रद्द कर दिये जायेगें।
3. आवेदन–पत्र को सीधा रखें, मुड़ा हुआ आवेदन / स्टेपल किया हुआ आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

4. **अनिवार्य योग्यतायें :** आवेदक के लिए आवश्यक है कि–
   1. वह भारत का नागरिक व दिल्ली का निवासी हो।
   2. वह कम से कम दसवीं पास हो।
   3. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को पुरूष आवेदक की आयु 20 वर्ष से कम व 47 वर्ष से अधिक न हो।
   4. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को महिला आवेदक की आयु 20 वर्ष से कम व 42 वर्ष से अधिक न हो।
   5. वह शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो।
   6. पुरूष आवेदक की न्यूनतम ऊँचाई 165 सेंटीमीटर व महिला आवेदक की न्यूनतम ऊँचाई 150 सेंटीमीटर हो।

5. **आवश्यक दस्तावेजः–** दस्तावेजों की जाँच शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय की जायेगी। आवेदन पत्र के साथ कोई दस्तावेज अथवा उसकी प्रतिलिपी संलग्न न करें। जाँच के समय आवेदक को निम्नलिखित दस्तावेजों (मूल एवं स्वयं सत्यापित प्रतियाँ) जाँच हेतू प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा–
   1. जन्म–तिथि के प्रमाण हेतू दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र जो सी.बी.एस.ई. या उसके समकक्ष बोर्ड द्वारा जारी हो।
   2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र केवल मान्यता प्राप्त बोर्ड द्वारा जारी हो।
   3. आवासीय पते की पुष्टि के लिए निम्नलिखित में से कोई एक दस्तावेज–
      - वर्तमान वैध राशन कार्ड (फोटो सहित)
      - वैध ड्राइविंग लाईसेंस जो कि दिल्ली परिवहन विभाग द्वारा जारी हो
      - मतदाता–पहचान पत्र
      - राजपत्रित अधिकारी या राजस्व विभाग द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र जिसमें प्रार्थी का फोटो व आवासीय पता लिखा हो।
      - आधार कार्ड
      - पासपोर्ट
      - बैंक पास बुक (फोटो के साथ)
   4. बोनस अंक प्राप्ति से संबंधित दस्तावेज (निर्देश संख्या–8 देखें)

6. **महत्वपूर्ण तिथियाँः**
   1. **आवेदन पत्र मिलने की तिथि**– दिनांक 15 फरवरी 2016 से 15 मार्च 2016 तक। आवेदन पत्र सभी कार्य–दिवसों में (शनिवार, रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
   2. **आवेदन पत्र जमा करने की तिथि**– दिनांक 15 फरवरी 2016 से 16 मार्च 2016 तक। भरे हुये आवेदन पत्र सभी कार्य–दिवसों में ( शनिवार, रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) प्रातः 10:00 बजे से सायः 05:00 बजे तक जमा किये जायेगें।
   3. **आवेदन पत्र जमा करने का स्थान – महानिदेशालय गृह रक्षक, निष्काम सेवा भवन, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, राजा गार्डन, नई दिल्ली– 110027.**
   4. आवेदन पत्र रजिस्र्टड पोस्ट या स्पीड पोस्ट से भी उपरोक्त पते पर निर्धारित अंतिम तिथि तक स्वीकार किये जायेगें।
   5. आधे–अधूरे अहस्ताक्षरित व अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा और उन्हें रदद कर दिया जायेगा और न ही उनके सम्बन्ध में कोई पत्र व्यवहार किया जायेगा।

7. **परीक्षाओं का विवरण :** आवेदक को **लिखित परीक्षा** तथा **शारीरिक दक्षता परीक्षा** में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। परीक्षाओं की तिथियों की सूचना समाचार पत्रो में यथा समय जारी की जायेगी तथा आवेदकों को उनके आवासीय पते पर डाक द्वारा प्रवेश पत्र प्रेषित किया जायेगा। परिक्षाओं से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ इस प्रकार हैं–

1. **लिखित परीक्षा** (वस्तुनिष्ठ) 80 अंकों की सी.बी.एस.ई. / दसवीं स्तर की होगी।
2. भूतपूर्व सैनिकों को लिखित परीक्षा से छूट है, परन्तु उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।
3. उम्मीदवार को किसी भी परीक्षा आदि में भाग लेने पर किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।
4. किसी भी परीक्षा के समय देर से पहुँचनें अथवा अनुपस्थित रहने पर दोबारा मौका नहीं दिया जायेगा।
5. किसी भी परीक्षा के दौरान मोबाईल फोन, कैल्कुलेटर, पेजर, अथवा किसी भी अन्य प्रकार की इलेक्ट्रोनिक सामग्री अपने साथ लाना वर्जित है।
6. **शारीरिक दक्षता परीक्षाः** लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारो को ही शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ इस प्रकार हैं–
    1. **ऊँचाई**– पुरूष आवेदक की न्यूनतम ऊँचाई 165 सेंटी मीटर व महिला आवेदक की न्यूनतम ऊँचाई 150 सेंटी मीटर हो।
    2. **दौड़**– पुरुष आवेदकों को 1000 मीटर व महिला आवेदकों को 800 मीटर की दौड़ 5 मिनट 30 सैकन्ड में पूरा करना होगा। परन्तु, 35 वर्ष से अधिक आयु के सभी (महिला व पुरुष ) उम्मीदवारो के लिए दौड़ का उत्तीणार्थ समय 6 मिनट 30 सैकन्ड होगा।
    3. शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान उम्मीदवार को शारीरिक व अन्य किसी प्रकार की क्षति होने की स्थिति में महानिदेशालय की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

8. **बोनस अंक :** आवेदकों के विशेष अर्हता के आधार पर नियमानुसार बोनस अंक **(अधिकतम 20 अंक)** आवंटित किया जायेगा, जो इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | एन.सी.सी. प्रमाण– पत्र | **– 05 अंक अधिकतम** |
| | क) सी–प्रमाण– पत्र | – 05 अंक |
| | ख) बी–प्रमाण– पत्र | – 03 अंक |
| | ग) ए–प्रमाण– पत्र | – 02 अंक |
| 2. | गृह रक्षक दिल्ली के रूप में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव– | – 15 अंक |
| 3. | दिल्ली में नागरिक सुरक्षा स्वंय सेवक के रूप में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | – 05 अंक |
| 4. | CTI राजा गार्डन से कोई 02 एडवांस कोर्स या पार्ट टाईम इंस्टेक्टर कोर्स या NCDC नागपुर व बैगंलोर CTI से कोई 01 कोर्स | – 05 अंक |

**नोटः**– बोनस अंक प्राप्ति के लिये आवेदक को उपरोक्त दस्तावेज़ों की मूल प्रतिलिपि जाँच के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9. **सामान्य निर्देश :**

1. आवेदन–पत्र की मूल प्रति ही स्वीकार्य होगी इसकी प्रतिलिपि (फोटो कॉपी) स्वीकार्य नहीं होगी।
2. आवेदन–पत्र के साथ आवेदक किसी भी दस्तावेज़ की मूल या प्रतिलिपि (फोटो कॉपी) सलंग्न नहीं करें।
3. भरे हुए आवेदन– पत्र की एक प्रतिलिपि (फोटोकापी) अपने पास सुरक्षित रखें ताकि एडमिट कार्ड आवासीय पते पर न पहुँचने की स्थिति में डुप्लिकेट प्राप्त करने में सुविधा रहे।
4. सभी योग्य उम्मीदवारों का परीक्षा का परिणाम इस महानिदेशालय की वेबसाईट (http://delhihomeguards.nic.in OR http://delhi.gov.in/wps/wcm/connect/DOIT_Homeguard/homeguard/home) पर उपलब्ध होगा।
5. संशय की स्थिति में सक्षम अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और इसके विरूद्ध कोई अपील मान्य नहीं होगी।

**उम्मीदवारों का चयन केवल गुणवत्ता के आधार पर होगा। यदि आपको गृह रक्षक भर्ती कराने का कोई झांसा दे तो विश्वास ना करें और सम्बधित व्यक्ति के बारे में महानिदेशालय के उच्चाधिकारियों को लिखित में अवगत करवायें।**

( बिपिन बी चौधरी )
कमान्डेंट गृह रक्षक, दिल्ली
फोन न0 011–25448148, फैक्स न0 011–25107085
Email – commandantdelhihomeguards@gmail.com